Department of Pharmaceutical Sciences
Indira Gandhi University, Meerpur

Student Induction Program



For B. Pharm. 1st Year and B. Pharm. LEET students

Thursday, 28-October-2021, 10:00 AM Onwards

Seminar Hall-I, Ground Floor, Swami Vivekanand Block

DEPARTMENT OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
INDIRA GANDHI UNIVERSITY, MEERPUR

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते कुलपति। *(वधवा)*

आई.जी.यू. में 'इंडक्शन प्रोग्राम' आयोजित

रेवाड़ी, 28 अक्तूबर (वधवा): बृहस्पतिवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के फार्मेसी विभाग द्वारा अपने विभाग के सत्र 2021-22 के नए विद्यार्थियों हेतु 'इंडक्शन प्रोग्राम' का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ विभागध्यक्ष डा. सुनील कुमार ने बच्चों के स्वागत गीत से किया। उन्होंने बच्चों को भविष्य में आनी वाली चुनौतियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने फार्मेसी फील्ड में बेहतर करियर बनाने के संबंध में विद्यार्थियों से अपने विचार सांझा किए। असिस्टैंट प्रो. मनीष व दीपक कुमार ने फार्मेसी विभाग की जानकारी दी।

तत्पश्चात, असिस्टैंट प्रो. संगीता ने विभाग के सभी स्टाफ मैंबर्स का परिचय बच्चों को करवाया। डा. स्नेहलता ने स्कीम व ऑर्डिनैंस के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। असिस्टैंट प्रो. बीना कुमारी ने बेसिक एथिक्स व मोरल वैल्यूज का महत्व समझाते हुए भविष्य में ईमानदारी के साथ अनुशासन का पालन करने की परिकल्पना की।

ज्योति राठी ने फार्मेसी के स्कॉप्स बताए। लॉ डिपार्टमैंट से डा. संदीप यादव ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने बच्चों को शिक्षा संबंधी नियमों व कानूनों से अवगत कराया। असिस्टैंट प्रो. सुधीर यादव ने बच्चों को प्रोग्रामिंग स्किल में डिवैल्पमैंट करने पर जोर दिया।

विभाग अध्यक्ष डा. सुनील कुमार व दीपिका पुरोहित की एक सांझा पुस्तक का विमोचन कुलपति एस.के. गक्खड़ ने किया। कार्यक्रम की संयोजक दीपिका पुरोहित थी। इस मौके पर असिस्टैंट प्रो. सुनीता यादव, ऋषि, नितेश, प्रवीण, रोहित आदि मौजूद थे। मंच संचालन दीक्षा व निर्मला ने किया।